# आकाशवाणी, गोरखपुर

**दिनांक–07 दिसम्बर 2024** **सान्ध्य समाचार**

तेरह दिसंबर को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रस्तावित आगमन को लेकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज प्रयागराज पहुंचकर महाकुंभ दो हजार पचीस और प्रधानमंत्री के हाथों लोकार्पित होने वाली परियोजनाओं की समीक्षा की। सर्किट हाउस में हुयी समीक्षा बैठक में मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्रधानमंत्री के कार्यक्रम में किसी भी स्तर पर चूक नहीं होनी चाहिए, साथ ही महाकुंभ से जुड़ी सभी तैयारियों पहले से तय समय–सीमा में पूरा हो जानी चाहिए। मुख्यमंत्री ने प्रयागराज के पुलिस परेड ग्राउंड में पुलिसकर्मियों को भी सम्बोधित किया। उन्होंने कहा कि महाकुंभ में चालीस करोड़ श्रद्धालुओं के आने की सम्भावना है और उनकी सुरक्षा की जिम्मेदारी आपको समर्पण भाव से उठानी है।

**********

केन्द्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री राममोहन नायडू ने आज प्रयागराज हवाई अड्डे का दौरा कर नये टर्मिनल भवन के निर्माण कार्यों की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिये कि प्रयागराज महाकुंभ दो हजार पच्चीस को देखते हुए नये टर्मिनल भवन को इकतीस दिसम्बर तक क्रियाशील कर दिया जाए। केन्द्रीय मंत्री को बताया गया कि दो चरण के कार्य पूर्ण हो गये हैं, जिसमें प्रयागराज एयरपोर्ट पर जहाजों की पार्किंग की सुविधा को चार से बढ़ाकर पन्द्रह कर दिया गया है। साथ ही, टर्मिनल भवन की यात्री क्षमता भी तीन सौ पचास से बढ़कर आठ सौ पचास हो गयी है।

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि देश सुरक्षित है तो धर्म भी सुरक्षित है। इसलिए हमारे सभी कार्य व्यक्ति, मत और मजहब के दायरे से ऊपर उठकर देश के नाम होने चाहिए। मुख्यमंत्री आज वाराणसी में स्वर्वेद महामंदिर धाम में आयोजित विहंगम योग संत समाज की स्थापना के शताब्दी समारोह को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि जब भी योग की चर्चा होगी, भारत के ऋषियों के प्रति श्रद्धा का भाव दुनिया के नागरिकों के मन में जुड़ेगा।

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज वाराणसी के पिंडरा में मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अंतर्गत संपन्न कराए गये चार सौ एक जोड़ो के विवाह समारोह में उपस्थित होकर नव युगलों को आशीर्वाद प्रदान किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि दहेज की कुरीतियों और आडंबर से दूर यह सामूहिक विवाह समूचे समाज के लिए सकारात्मक संदेश है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की परिकल्पना के अनुरूप दहेज रहित और आडंबर रहित विवाह को आज उत्तर प्रदेश में बखूबी धरातल पर उतारा जा रहा है। संबोधन के पश्चात मुख्यमंत्री ने नव विवाहित जोड़ों पर पुष्प वर्षा की, और नव विवाहित जोड़ों को गृहस्थी का सामान भी उपहार स्वरूप दिया। इस समारोह में शामिल होने से पहले मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने नेशनल इंटर कॉलेज पिंडरा, वाराणसी में समाजसेवी विभूति नारायण सिंह की प्रतिमा का अनावरण भी किया।

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ नौ दिसम्बर को गोरखपुर में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान सत्तर वर्ष से अधिक उम्र के नागरिकों को आयुष्मान वय वन्दन कार्ड वितरित करेंगे। पांच लाख रूपये तक की मुफ्त चिकित्सा उपलब्ध कराने वाली इस योजना के तहत सत्तर वर्ष से अधिक आयु के लोगों को आय सीमा से मुक्त कर आच्छादित किया गया है। गोरखपुर के मुख्य चिकित्साधिकारी आशुतोष कुमार दुबे ने बताया कि जनपद में अब तक आठ हजार तीन सौ पच्चीस बुजुर्गों के आयुष्मान वय वन्दन कार्ड बनाये जा चुके हैं।

**********

केन्द्र सरकार ने प्रदेश के महराजगंज में केन्द्रीय विद्यालय खोलने का निर्णय लिया है। इस सम्बन्ध में कल प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में हुयी कैबिनेट की बैठक में देश भर के लिये जिन पचासी नये केन्द्रीय विद्यालयों की स्थापना के प्रस्ताव को हरी झंडी दी गयी, उसमें महराजगंज भी शामिल है। यह केन्द्रीय विद्यालय पीएमश्री स्कूल के रूप में कार्य करेगा।

**********

देशभर में आज सशस्त्र सेना झंडा दिवस मनाया जा रहा है। इसकी शुरूआत सात दिसंबर उन्नीस सौ उन्चास से हुई थी। सशस्त्र सेना झंडा दिवस के अवसर पर रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने भारतीय सशस्त्र बलों के साहस, वीरता, धैर्य और बलिदान को नमन करते हुए कहा कि यह भारतीय सशस्त्र बलों के साहस और योगदान को स्मरण करने का दिन है। सशस्त्र सेना झंडा दिवस पर आज प्रदेश के विभिन्न जिलों में अधिकारियों को झंडा दिवस के स्टीकर लगाये गये। गोरखपुर में जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास अधिकारी सेवानिवृत्त कर्नल अनिल कुमार सिंह ने जिलाधिकारी कृष्णा करूणेश को स्टीकर लगाकर सशस्त्र सेना झंडा दिवस अभियान का शुभारंभ किया।

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गोरखपुर जिले में बीती रात हुए सड़क हादसे पर दुख जताते हुए मृतकों के परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की है। उन्होंने घायलों के समुचित उपचार के लिये अधिकारियों को निर्देश दिये हैं। जिले में कल देर रात कैंट थाना क्षेत्र के मोहद्दीपुर बिजली घर के सामने दो मोटरसाइकिलों की टक्कर में दोनों मोटरसाइकिलों पर सवार पांच लोगों की मौत हो गयी थी, जबकि दो अन्य घायल हो गये।

**********